# अंतर्दृष्टि

## ITM UNIVERSITY GWALIOR

ISSUE 1 (JAN – MAR 2024)



Manoj Bajpayee in 8th Convocation





Lohia Memorial Lecture 2024





ITM World Music Fest 2024




# PAGES INSIDE



6 – 7



8 – 9



10



12 – 13



14



15



16



17



18 – 19



20 – 22



23 – 24



25

# FROM THE CHIEF EDITORS' DESK

**Editor in Chief**
Dr. Manish Jaisal

**Executive Editor**
Mr. Bharat Kumar Singh

**Editor**
Dr. Hanan Khalid Khan

**Sub Editor**
Ms. Sonali Singh

**Student Editor**
Ms. Kanak Rohit

**Assistant Student Editor**
Ms. Risha Tiwari

**Designers**
Mr. Tanmay Jha
Mr. Aman Chaprod
Mr. Shivaram Manne

**Editorial members**
Mr. Arindam Tomar
Ms. Jaya Gupta
Ms. Riddhi Sirauthiya
Ms. Shivani Ahirwar

Reflecting on the vibrant tapestry of campus life we've experienced thus far fills me with immense pride and gratitude. From thought-provoking seminars to exhilarating sports competitions, from the solemnity of convocation to the exuberance of cultural activities, our journey has been nothing short of exhilarating.

Our academic halls have reverberated with the echoes of insightful guest lectures and eminent speaker talks, enriching our minds and broadening our perspectives. These sessions have not only expanded our intellectual horizons but have also inspired us to pursue excellence in our respective fields.
On the sports front, our athletes have demonstrated exceptional skill, resilience, and teamwork in various competitions, showcasing the true spirit of sportsmanship. Their dedication and passion have been a source of inspiration for us all.

The solemnity and grandeur of our convocation ceremony provided a fitting tribute to the accomplishments of our graduating students. As they embark on new journeys, we celebrate their achievements and wish them success in all their endeavours.

But it's not just academics and sports that define our university; our campus has been alive with the rhythms of cultural expression. From captivating folk dances to mesmerizing performances by International singing bands, from the eloquence of shayri and mushayara to the electrifying energy of celebrity performances, our cultural events have been a celebration of diversity and creativity.

As we look back on these moments of shared joy, learning, and camaraderie, let us cherish the memories we've created together. Each activity, each event has contributed to the rich tapestry of our university experience, shaping us into the individuals we are today.
I extend my heartfelt gratitude to all those who have contributed to the success of these endeavours – organizers, participants, performers, and attendees alike. Your dedication and enthusiasm have been the driving force behind our collective achievements.

As we continue on this journey of exploration and discovery, let us remain committed to fostering an environment of excellence, inclusivity, and innovation. Together, let us continue to inspire and be inspired by the remarkable diversity and talent that define our university community.
Here's to many more memorable moments ahead!

*Dr. Manish Jaisal*

# CHANCELLORS' MESSAGE

***"Education is the power to think clearly, the power to act well in the world's work, and the power to appreciate life."* - Brigham Young**

**I** would like to offer my best wishes to you all. The need for quality education has never been so acute as it is today. Understanding this need of the time, our institution has gone a long way in promoting quality education through its various endeavors. Education is the most precious asset of our life; it adds identity to an entity. The ultimate goal of education is not only to be successful but to lead a contented life. It is an initiation to enable us to initiate others. Let us resolve to receive the right education and to become a valuable part of the rational world. Education plays a vital role in building the future of a person vis-à-vis nation-building. The choice of an institute of repute and the right subject play an important role in the career of students. In the era of globalization, the working environment has become highly competitive and challenging. Instead of interacting with materialism through only classroom education, the college motivates students to take part in debates, quizzes, seminars, industrial visits, interactive sessions, indoor and outdoor games, and a host of other programs and activities to inculcate in them sound moral values, a strong personality, and enthusiasm.

Besides the palpable competitive environment, efficient management staff, the best infrastructure, well-managed hostel facilities, round-the-clock security systems, and committed faculty members make the environment a sanatorium for ambitious students to receive productive education in making a life of their own dream. The college has state-of-the-art facilities comprising a well-equipped campus which includes spacious classrooms with Audio-Visual presentation facilities, a modern computer lab with internet access, a well-updated library with peaceful reading facilities, a common room, indoor-outdoor gaming facilities, a canteen, seminar hall, etc. This is aimed at making the students ready to face the competition and challenges in life. Our vision is to implant Confidence, Compassion, and Competence in our students. We are committed to bringing Social Development through individual competence. Let us join hands together to make our student community competent and confident. Victory will be for those who work with a clear mission to accomplish a great vision.



**Mrs. Ruchi Singh**
**Chancellor,**
**ITM University Gwalior**

**The** core values of ITM University encompass dedication to excellence, creativity, diversity, and community involvement. Through rigorous academic programs and dedicated faculty, we prioritize excellence and innovation to prepare students for the challenges of today's world. The current session has been lively and engaging, with enthusiastic students, interactive discussions, and effective instructor participation, fostering a dynamic learning atmosphere where collaboration and academic excellence thrive. Our vision is to become a global leader in education and research, renowned for our commitment to academic excellence, social responsibility, and innovation. We strive to cultivate a campus culture that encourages curiosity, appreciation for diverse cultures, and a sense of belonging. By promoting interdisciplinary collaboration and embracing new technologies, we aim to shape the future of education. I am pleased to showcase the significant achievements of the university, faculty, and students in this magazine. Best wishes to all for their future endeavors.



**Dr. Daulat Singh**
**Pro-Chancellor,**
**ITM University Gwalior**

# MESSAGE FROM UNIVERSITY OFFICIALS

**In** our quest for excellence, we recognize the integral connection between education and society. Thus, our dedication extends to actively participating in societal transformation with innovation and empathy. We believe universities have a vital role in addressing global and community challenges. Our vision goes beyond academic excellence; we aim for perfection across all facets of our endeavours. This encompasses not only academic rigour but also nurturing holistic student development, fostering critical thinking, creativity, and ethical values. Our goal is to produce graduates who are knowledgeable, compassionate, socially responsible, environmentally conscious, and adaptable. The Internal Quality Assessment Cell (IQAC) ensures the quality delivery and progress of students through various initiatives, including quality circles and feedback management. Kudos to Dr. Manish Kumar Jaisal and the Editorial team for their efforts in producing the University Magazine 'Antardrishti.'



**Prof. Dr. Yogesh Upadhyay**
**Vice Chancellor,**
**ITM University Gwalior**

**Success** often requires dedication and hard work, and while it may sometimes be delayed, it presents an opportunity to stay focused and improve our abilities without feeling pressured. In today's rapidly changing world, creativity, innovation, and curiosity are highly valued traits. Embracing diverse activities offered by ITM can nurture these qualities. Recognizing the challenges of transitioning, whether graduating seniors entering the workforce or freshmen adapting to campus life, requires courage and adaptability. ITM aims to be the foundation for a brighter future, supporting individuals in recognising their talents, gaining perspective, And acing the competitive world with determination. As Martin Twain said, focusing on desires rather than doubts can lead to fulfilling dreams. Let us embrace change as an opportunity for growth, sending blessings and encouragement to all.



**Dr. Omveer Singh**
**Registrar, ITM University**

**The** diversity within our campus serves as a catalyst for creativity, innovation, and learning. At ITM University, our unwavering commitment to academic excellence drives our every endeavour. We recognize that education cannot exist in isolation, thus extending our dedication to innovative and compassionate engagement in societal progress.

Throughout this year, our campus has been abuzz with dynamic events, including conferences, seminars, sports, and cultural activities, all aimed at showcasing the achievements of our students, faculty, and staff. Through this magazine, we aim to keep our community informed and engaged, sharing stories of academic excellence, research, and community involvement.

Our dedicated team works tirelessly to bring you meaningful content that raises a sense of connection and pride among all stakeholders.



**Prof. Dr. S K Narayankhedkar**
**Pro-Vice Chancellor,**
**ITM University Gwalior**




# डॉ लोहिया का साहित्य ही उनकी विरासत: आरिफ मोहम्मद खान

## शहीद-ए-आजम भगत सिंह के बलिदान दिवस एवं डॉ. लोहिया की जयंती पर 9वें राम मनोहर लोहिया स्मृति व्याख्यान का हुआ आयोजन



केरल के राज्यपाल और भारतीय दर्शन के व्याख्याकार आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि साहित्य ही डॉ। लोहिया की विरासत है। उन्होंने डॉ। लोहिया के व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति दर्शाने के लिए भगवद् गीता का श्लोक सुनाते हुए कहा कि अर्जुन को भगवान श्रीकृष्ण कह रहे हैं कि जिस तरह अज्ञानी व्यक्ति अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए जिस लगन से काम करता है, उसी भाव से ज्ञानी व्यक्ति को भी अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए काम करना चाहिए। उसकी एक ही इच्छा होनी चाहिए कि मैं मानव मात्र को किस तरह फायदा पहुंचा सकता हूँ।

वें आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के वार्षिक प्रतिष्ठित अकादमिक आयोजन शहीद-ए-आजम भगत सिंह के बलिदान एवं डॉ। राममनोहर लोहिया की जयंती पर 'विविधता से समृद्ध भारत में एकता के तत्वः लोहिया दृष्टि' विषय पर 9वें डॉ। राममनोहर लोहिया स्मृति व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। कार्यक्रम संस्थान के सिथौली परिसर स्थित नादमुक्ताकाश में हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीएम विवि की चांसलर श्रीमती रुचि सिंह ने की और प्रो-वाइस चांसलर डॉ। दौलत सिंह चौहान ने स्वागत भाषण दिया। इसके साथ ही मुख्य वक्ता आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि रमाशंकर सिंह की और हमारी दोस्ती छात्र जीवन से शुरू है। उन्होंने आगे कहा कि जब देश केवल डॉ। लोहिया को ही नहीं बल्कि उन वीर शहीदों को याद करता है, भगत सिंह और उनके साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का मौका मिला है।

उन्होंने कहा कि इस मौके पर प्रो. नंदकिशोर आचार्य की लिखी किताब "लोहिया: ए विजनरी ऑफ ह्यूमन इक्वेलिटी" मानव सामीप्य का दर्शन पुस्तक का विमोचन भी किया गया। आरिफ मोहम्मद खान ने आदि शंकराचार्य की शिक्षाओं पर विचार करते हुए विविधता पर विचारों की एकता पर जोर दिया।

उन्होंने एकता की अवधारणा को स्पष्ट करने के लिए प्राचीन धर्मग्रंथों के छंदों को उद्धृत किया और व्यक्तियों और समुदायों के बीच एकता को बढ़ावा देने में आध्यात्मिक ज्ञान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने डॉ। लोहिया के व्यक्तित्व को व्यक्त करते हुए कहा कि साहित्य ही उनकी असली उपलब्धि है। उन्होंने उनके विचारों को प्रकट करते हुए भगवद् गीता के एक श्लोक का उदाहरण दिया, जिसमें अर्जुन को श्रीकृष्ण उसी भाव से काम करने की सलाह देते हैं जैसे कि अर्जुन की इच्छा केवल मानवता को कैसे फायदा पहुंचा सकता है।

इस प्रोग्राम में विशिष्ट अतिथि प्रो। नंदकिशोर आचार्य (कवि, समालोचक एवं अहिंसा विचार के प्रमाणिक विद्वान) सहित चांसलर रुचि सिंह, वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय, रजिस्ट्रार डॉ। ओमवीर सिंह एवं समस्त छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के फाउंडर चांसलर रमाशंकर सिंह ने कहा कि भारत माता की आजादी में जिन शहीदों ने अपना सर्वस्व सौंपा है, उन्हें सिर्फ याद नहीं करना है। उन्होंने कहा कि हमें यह समझना है कि आजादी का अर्थ क्या है और शोषण कैसे मिटाना चाहिए। यह सबको धीरे-धीरे समाज से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें उस दर्शन को मानना चाहिए जिसमें सभी इंसान एक हो जाएं। प्रो। राजकुमार जैन (वरिष्ठ सोशलिस्ट और इतिहास अध्येता) ने कहा कि लोहिया ने जिस समय ब्रिटिश हुकूमत का राज हिंदुस्तान पर था, उसकी मुखाल्फत मुख करने के लिए 19 वर्ष की उम्र में जेल में गए। लोहिया को पढ़ने के लिए इंग्लैंड भेजा गया, लेकिन वह इंग्लैंड नहीं गए और जर्मनी में पढ़ने चले गए। उनका कहना था कि अंग्रेजों की गुलामी और तामील मुझे पसंद नहीं। उन्होंने आगे कहा कि धर्म दीर्घकालिक राजनीति है और राजनीति अल्पकालिक धर्म है।






केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं आईटीएम विश्वविद्यालय ग्वालियर के अधिकारी छात्रों के साथ।

# आईटीएम विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में दिग्गजों को मानद उपाधि




## समारोह में 1297 छात्रों को मिली डिग्री और मेडल

आईटीएम यूनिवर्सिटी के 8वें दीक्षांत समारोह में अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहीं जानी-मानी हस्तियों को मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। दो सत्रों में हुए कार्यक्रम में 1297 छात्रों को मेडल और डिग्री वितरित की गई। प्रथम सत्र में स्वागत भाषण आईटीएम विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर डॉ। दौलत सिंह ने दिया। मुख्य अतिथि के रूप में आईआईएम के पूर्व निदेशक प्रसिद्ध शिक्षाविद्. रविचन्द्रन शामिल हुए। पत्रकार, राजनीतिक टिप्पणीकार और संपादक नीरजा चौधरी ने कहा कि मैंने आर्किटेक्चर पढ़ा था, मैं भूले-भटके पत्रकारिता में आ गई, लेकिन यह भी एक बड़ा रोल है। जिसमें कई मापदंडों का ध्यान रखना पढ़ता है। आज आपके लिए अहम क्षण है। नए सपने देखें, उन्हें पूरा करें और भारत को एक अलग पहचान दिलाएं।

विख्यात मूर्तिशिल्पी प्रोफेसर लतिका कट्ट ने छात्रों से कहा कि खुद की मदद के लिए भी तैयार रहो, अगर आप कुछ करते हैं और लगता है कि गलत नहीं हो रहा है, तो बेशक नियमों को तोड़ सकते हो। दुनिया से लड़ सकते हो। इंजीनियर, इनोवेटर और शिक्षक सोनम वांगचुक ने कहा कि आप जीवन में इतने बड़े न बनना चाहिए कि संवेदनाएं ही खत्म हो जाएं। ऐसा करना कि आप समाजसेवा कर पाएं। आप यहां से जो डिग्री लेकर जा रहे हैं, वह संवेदनशील होकर कार्य करने सार्थक सिद्ध होगी।

आईटीएम की चांसलर रुचि सिंह चौहान ने कहा कि दुनिया बदलने से पहले खुद को बदलो। उन्होंने गांधी जी को याद करते हुए कहा कि अगर आप दुनिया बदलना चाहते हैं तो पहले खुद को बदलो। प्रो। चांसलर दौलत सिंह चौहान ने कहा कि जिसके पास करुणा और प्रेम नहीं, वह एक अशिक्षित के समान है।



अभिनेता मनोज बाजपेयी ने कहा कि मैं किस्मत पर भरोसा करता हूं। जरा सोचो एक गांव का लड़का कहां से कहां पहुंच गया। इसे में खुद की किस्मत का ही खेल मानता हूं। खुद को 24 घंटे व्यस्त रखने का एक जुनून सा सवार है।

फोटो जर्नलिस्ट रघु राय ने कहा कि छात्रों को अपने पेशेवर जीवन को धर्म मानकर चलना चाहिए, चाहे आप किसी भी क्षेत्र का चयन करें, बस उसे अपना धर्म मानकर चलें। अभिनेता मनोज वाजपेयी ने अपने अनुभव साझा किए। दूसरे सत्र के मुख्य अतिथि आईआईएम के पूर्व निदेशक एन रविचंद्रन थे।

विशिष्ट वक्ता और आध्यात्मिक गुरु आचार्य ओमा द अक्क ने कहा कि गुरु की पहचान उसके छात्र से होती है। छात्र ही संस्थान का स्तर बताते हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपने जीवन में कुछ करने से पहले खुद से सवाल करें। छात्र संवेदनशील होकर कार्य करें। काफी असफल नहीं होंगे। इस मौके पर आईटीएम के फाउंडर चांसलर रमाशंकर सिंह और चांसलर रुचि सिंह चौहान आदि मौजूद थे।

इंजीनियर, इनोवेटर और शिक्षक सोनम वांगचुक ने कहा कि आप जीवन में इतने बड़े न बनना कि संवेदनाएं ही खत्म हो जाएं। ऐसा करना कि आप समाजसेवा कर पाएं। आप यहां से जो डिग्री लेकर जा रहे हैं वह संवेदनशील होकर कार्य करने सार्थक सिद्ध होगी। डॉ प्रदीप चौबे ने छात्रों को भारत की खोज व तकनीकी प्रगति की समृद्ध विरासत की याद दिलाते हुए नवाचार की परिवर्तनकारी प्रकृति पर प्रकाश डाला। आविष्कार तो वैदिक काल में ही हो चुके थे पुष्पक विमान से लेकर ब्रह्मास्त्र तक।

अब दर्शक दो हिस्सों में बंट चुके हैं। एक में वे हैं, जो तसल्ली से अपने घर पर बैठकर ओटीटी कंटेंट देखना चाहते हैं, दूसरे कैटेगरी के दर्शक मेले और उल्लास की तलाश में सिनेमाघर पहुंचते हैं। ओटीटी पर कुछ भी नहीं परोसा जा रहा है। वायलेंस और वल्गैरिटी का चुनाव फिल्म की कहानी के हिसाब से ही किया जाता है। मुझे हमेशा किलर रूप में मिले किरदार ने काफी कुछ सिखाया है मैंने हमेशा इसी किरदार को चुना। चुनौतियों के बीच काफी कुछ सीखने को मिला। हम एक बेहतरीन फिल्म दर्शकों को देने में कामयाब हो सके।



















अंत में, प्रोफेसर सुनील कुमार ने छात्रों को याद दिलाया कि सीखना एक सतत प्रक्रिया है और उन्हें अपने सपनों को जीकर विकसित भारत के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। कुल मिलाकर, दीक्षांत समारोह में व्यक्तिगत उपलब्धियों का जश्न मनाया गया और छात्रों को आशावाद और दृढ़ संकल्प के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया।

दूसरे सत्र में समारोह की विशिष्टता का जश्न मनाया गया, जो अपने अंतःविषय दृष्टिकोण और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता की मान्यता के लिए जाना जाता है। विशेष रूप से, 1297 छात्रों को स्वर्ण पदक, स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त हुई, जबकि 34 छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष मान्यता मिली। योग्य छात्रों को उनके असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रायोजित पदक भी प्रदान किया गया।

इस मौके पर आईटीएम के फाउंडर चांसलर रमाशंकर सिंह, चांसलर रुचि सिंह चौहान, प्रो चांसलर डॉ दौलत सिंह चौहान, वाईस चांसलर डॉ योगेश उपाध्याय, प्रो वाईस चांसलर एस के नारायण केथकर, रजिस्टार डॉ ओम वीर सिंह समेत समस्त छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।






# बीच दरिया के मैं दरिया तो बदल सकता हूँ अपनी कश्ती को बदलना नहीं आता है मुझे

## 16वें इबारत में फ़रहत एहसास समेत देश के नामचीन शायरों ने पढ़ी नज्में और गजलें

इबारत एक उर्दू शब्द है जो शिक्षा के लिए उपयोग होता है। इस शब्द का उपयोग बड़े कवितात्मक सम्मेलनों को विवरणित करने के लिए किया जाता था, जहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अध्ययन किया जाता था और गहरा विचार-विमर्श किया जाता था। हम इबारत के माध्यम से उर्दू कविता के आनंद का उत्सव मनाते हैं। इबारत का अर्थ है कि यह शिक्षा के लिए उर्दू शब्द है। इस विश्वविद्यालय ने 15 साल पहले इबारत की परंपरा की स्थापना की। सामान्य परंपराओं और प्रारूपिकताओं के अलावा, इबारत हर साल कुछ नया और असाधारण के प्रकाश में लाती है, जिससे यह एक अद्वितीय और यादगार घटना बन जाती है।



मैं ये सोचता हूँ कि दुनिया अपने हालात से पहले ही दुखी है। जब वो मुशायरे में जाती है लोग सुनने और शायरी जब आप सुना रहे हैं तो जिन हालात से वो निकल कर वहाँ आकर बैठे हैं. आप भी अगर वही बातें करेंगे तो मुशायरे में कोई ज्यादा आना पसंद नहीं करेगा। हालांकि ऐसा शायरी में तो होता ही आया है।

**– वरुण आनंद**



मैं तो इस दुनिया का नहीं हूँ, आज के ज़माने का हूँ ही नहीं, मेरा मामला कई साल पुराना है, मैं कालिदास को ही पढ़ता हूँ और उनके बाद के कई सारे लोग है, जिन्हे मैं सुनना पसंद करूँगा और हम तो भाई यही कहते है कि एक ज़िन्दगी जो आपको मिली है, जो एक दिमाग मिला है उसको काम में लाया जाये, जो कुछ आपके आस-पास हो रहा है, उसे देखें उससे रिलेट करने की कोशिश करें।

**– फ़रहत एहसास**



मैं आजकल उसमें से ही गुज़र रहा हूँ। मैंने करीबन सात-आठ महीने से कुछ नहीं लिखा और ये ब्लॉक्स आते रहते हैं लेकिन ये आपकी बेटरमेंट के लिए होता है। जब एक ब्लॉक आता है मुश्किल तो लगता है एक बार ये क्या हो गया। मैं ही था, मैंने इतने अच्छे शेर लिखे। आज मैं एक लाइन भी नहीं लिख पा रहा हूँ।

**– मुकेश आलम**



गजलों और जो शायरी है उसने मेरी जिन्दगी में ये भूमिका निभाई है कि ये एक तरह मिरेकल से कम नहीं है। कि जब हम शेर कहते है तो ऐसा नहीं है कि हम पहले से कोई थॉट सोच के कहते है ये जो हम कहने बैठते है तो चीज़े अचानक अपने अंदर आती है। हमे पता भी नहीं होता की हम ये चीज़ पहले से जानते थे।

**– अमीर इमाम**



ये तो एक बदकिस्मती है कि आप एक ऐसी ज़ुबान जो आपकी अपनी जड़ से और अपनी जमीन से उभरी है, उसे आप नकार के किसी और के हवाले कर रहे हैं। ये इसी तरह है कि आपका अपना कोई घर हो जो आपने खुद तामीर किया हो, खुद बनाया हो और फिर अगले दिन आप बोले कि ये हमारा नहीं है। ये आपका है तो ऐसा नहीं होना चाहिए।


**– अज़ीज़ नबील**



Pc: Tanmay Jha (BJMC 3rd Year)



Pc: Tanmay Jha (BJMC 3rd Year)




PC: Arindam Singh Tomar (MJMC 1st Year)




PC: Aman Chaprod (MJMC 2nd Year)





PC: Shivaram Manne (BJMC 2nd Year)




PC: Riddhi Sirauthiya (BJMC 3rd Year)

# Every Corner tells a Story



# नए फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में पहचान बना रहा ग्वालियर : अशोक मिश्रा

## पत्रकारिता और जनसंचार विभाग और फिल्म क्लब द्वारा कटहल फिल्म की स्क्रीनिंग और दो दिवसीय स्क्रीनप्ले राइटिंग कार्यशाला का आयोजन




विश्वविद्यालय में 18 मार्च को कटहल फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग और फिल्म क्लब द्वारा कटहल फिल्म के प्रदर्शन के साथ दो दिवसीय राष्ट्रीय स्क्रीनप्ले राइटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के राममनोहर लोहिया सभागार में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जानेमाने स्क्रीनप्ले राइटर और कटहल फिल्म के लेखक अशोक मिश्रा और फिल्म के निर्देशक यशोवर्धन मिश्रा ने प्रतिभागियों के साथ संवाद किया। कार्यशाला से पूर्व कटहल फिल्म की स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कटहल फिल्म के लेखक अशोक मिश्रा उपस्थित हुए और यशोवर्धन मिश्रा वर्चुअली शामिल हुए। श्री मिश्रा ने कहा कि ग्वालियर नए फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। यहाँ पर फिल्म शूट करना बहुत अच्छा रहा। यहाँ के लोग बहुत कॉपरेटिव है। फिल्म कटहल पर बात करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि कुछ लोग आज़म खान की भैसों से इस फिल्म का नाम जोडते हैं। अगर ऐसा होता तो फिल्म का नाम भैंस होता। दो दिन में लेखक बनने के सवाल पर श्री मिश्रा ने कहा कि आपको अगर लेखक बनना है तो आपको थोड़ा आवारा, थोड़ा लफंगा, कवि, सब्जीवाला आदि होना चाहिए। आप कविता लिखने से शुरू करके, पत्र और फिर कहानी पर आइये। एक अच्छा लेखक, एक अच्छा रचनाकार भी होता है। लेखक अपनी कहानी में किसी के साथ कुछ भी कर सकता है। एक अच्छा स्क्रीन प्ले किसी खराब कहानी को करोड़ों कमाकर दे सकता है और खराब स्क्रीनप्ले एक अच्छी कहानी को भी फ्लॉप करा सकता है। इस अवसर पर कटहल फिल्म में किरदार निभा रहे ग्वालियर के कलाकार राजेश पाल, सूर्य प्रताप सिंह, ज्योति अतरौलिया, अनिरुद्ध तिवारी के साथ ही छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।





नाट्य लेखन के लिए स्क्रीन प्ले जानना बहुत जरूरी है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष जैसल ने कहा कि फ़िल्म लेखन और निर्देशन में करियर की राह देख रहे युवाओं के लिए ऐसे आयोजन मदद करते हैं।

फ़िल्म कटहल को जिस पृष्ठभूमि से उठा कर लेखक अशोक मिश्रा ने पूरी दुनिया तक पहुँचाया है वह काबिले तारीफ़ है। फ़िल्म क्लब आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर का उद्देश्य देश दुनिया में बन रही फ़िल्मों को देख कर छात्र उनके रोज़गार की दृष्टि से तैयार हो सकते हैं।



अशोक मिश्रा | प्रो. योगेश उपाध्याय | अशोक सिंहल

डॉ. मनीष जैसल | प्रो. नंदकिशोर आचार्य | आलोक शर्मा



कार्यशाला में प्रश्नोत्तरी में सहभागिता करते छात्र

कार्यशाला में वर्चुअल माध्यम से जुड़े कटहल फ़िल्म के निर्देशक यशोवर्धन मिश्रा ने छात्र-छात्राओं के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि कटहल की ग्वालियर में शूटिंग करना एक बहुत ही अच्छा अनुभव रहा। इसमें ग्वालियर के लोगों का अहम योगदान है। फिल्म कहाँ दिखाई जाए इस सवाल पर श्री मिश्रा ने कहा कि फिल्म की रिलीजिंग बहुत क्रिटिकल पार्ट है। ये सारी चीजे ध्यान में रखकर ही फिल्म बनाएं। ऐसे एक्टर खोजें जिन्हें लोग देखना चाहते हैं तो आप फिल्म मेकिंग में सफल हो सकते हैं। कार्यशाला में वरिष्ठ प्राध्यापक एवं लेखक नन्दकिशोर आचार्य ने कहा कि फ़िल्म स्क्रीनप्ले और नाट्यालेखन लगभग एक है।

कार्यशाला में आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय ने कहा कि हम सभी की ज़िंदगी एक स्क्रीनप्ले है। साठ मिनट की क्लास भी एक स्क्रीन प्ले है। आईआईटीटीएम ग्वालियर के निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने कहा कि हर शहर में शनिवार और रविवार को नाटकों का मंचन जरूर होना चाहिए। हम आज भी 100 साल पुरानी कहानियों पर अटके हुए हैं, उन्हीं कहानियों का मंचन किया जा रहा है। आप लोग आज की कहानियों को उठाएं। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय वरिष्ठ प्राध्यापक एवं लेखक प्रो. नंदकिशोरआचार्य, आलोक शर्मा (डायरेक्टर आईआईटीटीएम ग्वालियर) डॉ. मनीष जैसल (विभागाध्य पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग), प्रो. वाइस चांसलर प्रोफ़ेसर एसएन खेड़कर, डीन एकेडमिक प्रोफ़ेसर सोनिया जौहरी, डीएसडब्ल्यू डॉ. आनंद पाण्डे, जीएसडीएस के विभागाध्यक्ष जयंत सिंह तोमर, डीन स्कूल ऑफ़ लॉ प्रोफ़ेसर शोभा भारद्वाज, स्कूल ऑफ एजुकेशन के विभागाध्यक्ष डॉ वीरेंद्र जैन, डॉ राकेश ढाका और समस्त छात्र मौजूद रहे।

इस सत्र का संचालन छात्रा गरिमा और प्रतिष्ठा तथा धन्यवाद ज्ञापन पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री भरत कुमार सिंह ने किया।




कार्यशाला के प्रतिभागियों का समूह-चित्र



# डॉ धर्मवीर भारती की रचना पर पद्मश्री रतन थियम निर्देशित नाटक 'कनुप्रिया' का हुआ मंचन

## आईटीएम में हुआ रंग महोत्सव-4 का आयोजन

आईटीएम विश्वविद्यालय ग्वालियर में ३० मार्च को रंग महोत्सव-4 का आयोजन किया गया। मणिपुर के कोरस रिपर्टरी थिएटर ने डॉ. धर्मवीर भारती की बहुप्रशंसित कविता 'कनुप्रिया' से प्रेरित शानदार प्रस्तुति दी। इस नाटक का बेहतरीन अनुवाद, अनुकूलन, डिज़ाइन और निर्देशन पूर्व निर्देशक, एनएसडी और कालिदास सम्मान से सम्मानित पद्मश्री रतन थियम ने किया। कनुप्रिया प्रेम, रोमांस, परिमित और अपरिमित, आध्यत्मिकता की कहानी है जिसपर यह नाट्य प्रसतुति आधारित थी। यह कार्यक्रम करीब दो घंटे तक चला जिसमे हज़ारों की संख्या में दर्शक आये और कार्यक्रम को सफल बनाया।

इस अवसर पर श्री रतन थियम ने कहा कि मैंने इस नाटक के ज़रिये वह बातें बताने की कोशिश की जो शायद आज के समय में कह पाना मुश्किल हो गया है। डॉ धर्मवीर भारती की कविता पर आधारित यह नाटक राधा-कृष्ण के बीच हुए संवाद को बयां करता है, जिसमे अशोक वृक्ष की अहम भूमिका दर्शायी गई है। नाटक में राधा जैसे ही कृष्ण के चरणों का स्पर्श करती हैं वो जन्मों से प्रतीक्षारत अशोक वृक्ष खिल उठता है। अशोक वृक्ष पर लगे पुष्पों की सुगंध से वातावरण खुशनुमा हो जाता है। इस द्दश्य वहां मौजूद सभी दर्शकों के मन को मोह ले लिया।



नाटक में आगे राधा और अशोक वृक्ष के बीच संवाद होता है, जहां राधा जी (कनुप्रिया) कहती हैं कि मैं तुम्हारी नस-नस में पंख पसार कर उडूंगी और तुम्हारी डाल- डाल में गुच्छे-गुच्छे लाल-लाल कलियां बन खिलूंगी'। जब आईटीएम के नाद एम्पीथियटर में यह नाटक का मंचन कलाकारों ने मणिपुरी अंदाज में किया तो सब मंत्रमुग्ध दिखे।

कार्यक्रम की शुरुआत में यूनिवर्सिटी के फाउंडर चांसलर श्री रामशंकर सिंह ने राधाकृष्ण के प्रेम पर आधारित कवितापाठ किया। इस कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी की चांसलर रूचि सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रो. योगेश उपाध्याय एवं रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह मौजूद रहे।



कनुप्रिया की संगीत नाट्य प्रस्तुति पश्चात का समूह-चित्र

कालजयी कुमार गंधर्व स्मृति को सादर समर्पित



# कालजयी कुमार गंधर्व स्मृति में 16वां संगीत सम्मेलन

कालजयी कुमार गंधर्व की स्मृति में, विश्वविद्यालय में 1 मार्च, 2024 को 16वां संगीत समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन विदुषी सुश्री कलापिनी कोमकली व सोपान जोशी को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सोपान जोशी द्वारा कुमार गंधर्व के जीवन पर आधारित पुस्तक के अनावरण से हुई। जोशी ने 9 साल की उम्र से ही कुमार गंधर्व के संगीत के प्रति समर्पण पर प्रकाश डाला, जिन्होंने 24 साल की उम्र में टी.बी.जैसी चुनौतियों का सामना किया, परंतु अपनी संगीत यात्रा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता बनाए रखी।

पारंपरिक रागों पर अद्वितीय दृष्टिकोण और संगीत की भावनाओं की गहरी समझ ने उन्हें शास्त्रीय संगीत में अलग स्थान दिलाया। इस समारोह में कलापिनी कोमकली, एस आकाश, पूर्वायन चटर्जी और पंडित अजय पोहनकर जैसे कलाकारों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महोत्सव में चार सत्र थे, जिसमें पहले दिन एस आकाश और कलापिनी कोमकली ने क्रमशः बांसुरी तथा गायन से दर्शकों का मन मोहा। एस आकाश ने अपनी बांसुरी वादन की शुरुआत राग "मारवा" से की, जिसका समापन राग "देस" से हुआ।

सुश्री कलापिनी कोमकली ने राग "मारुबिहाग" में तीन रचनाएँ प्रस्तुत कीं, जिनमें उनकी एक मौलिक रचना भी शामिल थी। संगीत प्रेमियों ने प्रदर्शन की सराहना की और कलापिनी कोमकली की गायन शैली की प्रशंसा की। उत्सव के दूसरे दिन, सितारवादक पूर्वायन चटर्जी ने प्रसिद्ध सितारवादकों की परंपरा को आगे बढ़ाया। उन्होंने विशेषकर युवाओं के बीच शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने की अपील की। तबला वादक ज़ुबैर अहमद खान , सितार वादक अभिषेक मिश्रा और उनके बेटे के साथ उन्होंने राग "मारू बिहाग" में अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की दूसरी प्रस्तुति में मध्य प्रदेश के जबलपुर में रहने वाले गायक पंडित अजय पोहनकर का सराहनीय प्रदर्शन भी देखा गया। राग "रागेश्री "और "भैरवी" में उनके गायन के साथ-साथ "कैसे कटे दिन रैना" और "ये मोहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया" की प्रस्तुति को संगीत प्रेमियों से प्रशंसा मिली। संगीत विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे आयोजन सांस्कृतिक संरक्षण में इसके महत्व को रेखांकित करते हुए शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शास्त्रीय संगीत के महत्व पर जोर देते हुए कार्यक्रम की सराहना की।













# SPORTS@ITMU
















**West Zone Inter University Football (Women) Championship 2023-24**

**ITMU Sports Team in Khelo India University Games**




# ITM World Music Fest 2024: Groove With Beats

The two-day 'ITM World Music Festival 2024' held at the Naad Amphitheater showcased a diverse array of musical performances. The event commenced with a live presentation by Argentina's 'Desmadre Orchestra' group, presenting Balkan Gypsy music, captivating the audience with their energetic performances. The festival was graced by ITM University officials including Chancellor Ruchi Singh Chauhan, Pro-Chancellor Dr. Daulat Singh Chauhan, Vice Chancellor Professor Yogesh Upadhyay, Registrar Dr. Omvir Singh, Director Dr. Meenakshi Majumdar, and Hospital Director Dr. Prashant Agrawal, alongside deans, department heads, faculty, and staff, as well as a large number of domestic and international students. On the first day, 'Desmadre Orchestra' group from Argentina mesmerized the audience with their live music and instrumental performances, celebrating Balkan Gypsy culture and traditions through their vibrant melodies. They were followed by individual performances showcasing different instruments in unique styles. On the concluding day, bands from California and Italy, namely 'Markus Eaton Band' and 'Marthe Bands Group,' respectively, presented dynamic songs and music. Markus Eaton, accompanied by his band, delivered electrifying performances, enthralling the audience with popular songs like "Love Will Find a Way" and "Believe." Meanwhile, the Marthe Bands Group from Italy presented traditional Greek music in a modern style, delighting the attendees. The festival aimed to promote cultural exchange and appreciation for various music genres globally. Pro-Chancellor Dr. Daulat Singh Chauhan emphasized the significance of Indian classical music, stating Gwalior's recognition in the world for it. The festival concluded with gratitude towards the participating artists and volunteers, highlighting the unique imprint left by each performance on ITM University.







# STUDENTS' CORNER

## THE TREASURE OF FRIENDSHIP

Jaya Gupta
(BJMC 3rd Year)



Living with Dipti in the dorm was the absolute best! Forget just roommates, she was my personal ray of sunshine. No matter what, she could always brighten up our tiny room with her laugh.

Saying goodbye was rough, but we laughed so hard you'd think it could reach the sky! It felt like we totally understood each other, like two peas in a pod.

Dipti was super smart too. Between classes and late-night chats, she could explain anything, even the most confusing stuff. Plus, her hugs were the best!

They were like giant, warm shelters from anything bad. Finding Dipti as a friend was like winning the lottery! Exams and deadlines? Those things used to freak me out majorly. But Dipti? She was always there, calm and collected, like a rock in a hurricane. Whenever she was around, my worries just disappeared.

Dipti's the absolute coolest, and I know our friendship will last forever!



## NAAD: ARTISTRY IN NATURE



Kanak Rohit
(BJMC 2nd Year)



Gwalior is known as the Creative City of Music, serving as a common stage for musicians and music enthusiasts. But there's another such thing that holds the string between these two: the 'NAAD Amphitheatre', a well-maintained international prodigy which has the ability to deliver the most demanding performances in an exquisite way. As fascinating as the venue, its history speaks for itself.

The idea for an Open-Air Amphitheatre located as a part of the ITM Universe started more as a performance arena at an institutional level. The challenge was posed to complete this project within 55 days in order to mark the starting of a symposium and a visit by the then President of India. It took more than 450 laborers working day and night to complete what we today call 'NAAD'. The stage that has been graced by some of the greatest talents of India not only stands as a 'Performance venue' but as a path to the culturally rich emotional journey. The Sangeet Sammelan organised in the memory of Kumar Gandharva is yet another special occasion that invites the best of Indian Classical Music from across the nation.



### PANDIT AJAY POHANKAR

*"I have been performing vocals since 1960s. This isn't my first time performing at this institution, and it never ceases to amaze me. I have a special connection with this city. Previously performing at NAAD and interacting with these young faces makes me feel alive."*



### SHRI PURBYAN CHATTERJEE

"*Gwalior serves as a very special place for Musicians and performing at an educational institution makes me realize that we are directly connected with the youths of this day. The generation which is going to bring forward the essence of Indian Classical Music. We are just small artists hoping to somehow contribute to the rich Indian musical culture.*"


## OTHER PERSONALITIES WHO HAVE GRACED NAAD WITH THEIR PRESENCE



LATE PRABHA ATRE



AASTHA GOSWAMI



DR. APJ ABDUL KALAM



USTAD NISHAT KHAN



ZAKIR HUSSAIN



AKEEL NOMANI



NUSHRAT MEHDI



SHEEN KAAF NIZAM



MALINI AWASTHI



PARVEEN SULTANA

# शिल्प कला का अनूठा संगम...

Arindam Tomar
(MJMC 1st Year)



विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश करते ही आपको विभिन्न शिल्पकृतियां देखने को मिलती हैं। विश्वविद्यालय ने मूर्तिकला को सुसज्जित रखा है। कलाओं में मूर्तिकला तीन आयामों में काम करती है। मूर्तिकला वह तीन आयामों में शारीरिक रूप से प्रस्तुत कला कार्य है जो ऊंचाई, चौड़ाई और गहराई की आयामों में होता है। पहले से स्थायी स्कल प्रक्रियाओं में उत्खनन (सामग्री का निकालना) और मोल्डिंग (सामग्री का जोड़ना, जैसे कि मिट्टी) का उपयोग होता था, पत्थर, धातु, मृत्तिका, लकड़ी और अन्य सामग्रियों में, लेकिन मॉडर्निज़्म के बाद, सामग्रियों और प्रक्रियाओं की लगभग पूरी आजादी हो गई है। कई प्रकार की सामग्रियों पर काम किया जा सकता है, जैसे कि उत्खनन, वेल्डिंग या मोल्डिंग द्वारा एकत्रित, या ढालना या प्रस्थापित करना।

विश्वविद्यालय परिसर में मूर्तिकला का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यहाँ के प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा बनाए गए प्रतिमाएँ और स्थापत्यकला के काम छायांकन का साक्षी हैं। विश्वविद्यालय के परिसर में मूर्तिकला का सबसे प्रमुख उदाहरण है परिसर के प्रमुख चौराहों पर स्थित प्रतिमाएं यह छात्रों को विचार और विचार-विमर्श में प्रेरित करने के लिए बनाई गई है। इनका निर्माण प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया गया है और यह विश्वविद्यालय के आधिकारिक प्रतीक के रूप में स्थापित किया गया है।

विभिन्न क्षेत्रों की अन्य प्रतिमाएँ भी कैम्पस में स्थित हैं, जो विविधता और समृद्धि का प्रतीक हैं। यहाँ शिक्षा, विज्ञान, कला, साहित्य, और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्रों में प्रतिमाएँ हैं, जो छात्रों को उनके अध्ययन के क्षेत्र के महत्वपूर्ण विषयों की ओर मोहित करती हैं। परिसर में मूर्तिकला के इन अनेक उदाहरणों के माध्यम से, विश्वविद्यालय के छात्रों को अद्वितीय शैलियों और कलात्मक अभिव्यक्ति के साथ साक्षात्कार कराती हैयह उन्हें न केवल कला के माध्यम से सीखने का अवसर देती है, बल्कि अभिव्यक्ति के माध्यम से भी सोचने की शक्ति प्रदान करती है।

इसके अतिरिक्त, ये मूर्तियाँ छात्रों को उनके कैम्पस के वातावरण में एक अद्वितीय और रोमांचक अनुभव प्रदान करती हैं, जो उनके शैक्षिक अनुभव को और भी सामर्थ्यपूर्ण बनाता है।

विश्वविद्यालय के परिसर में मूर्तिकला एक महत्वपूर्ण और आदर्शात्मक अंग है, जो छात्रों को उनके अध्ययन और सांस्कृतिक अनुभव को विस्तारित करने में मदद करता है। यह छात्रों को न केवल कला की महत्वता को समझने में मदद करता है। फाउंडर चांसलर रमाशंकर सिंह उन्होंने कला की अद्वितीय क्षमता को उदाहरणों सहित सीमाओं को पार करने और व्यक्तियों के दिल और दिमाग में रचनात्मक उत्साह को जगाने के लिए हार्ट्स और माइंड्स में आग को जलाने की मजबूती को उजागर किया।

प्रो-चैंसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान ने कहा जिसमें व्यक्तिगत असाधारणता को अपनी पहचान को आकार देने का महत्व बताया। एक दुनिया में जो अक्सर समानता को प्रोत्साहित करती है, उन्होंने शिविर में प्रदर्शित कलात्मक शैलियों और आवाजों की विविधता को मनाया, छात्रों को अपने विशिष्टता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।
संगीतकार रोबिन डेविड का अद्भुत कार्य, जल संरक्षण को प्रतिष्ठित करने वाला एक आधुनिक स्टेपवेल, युवा, छात्र और समाज के लिए एक शक्तिशाली संदेश के रूप में खड़ा था। यह उनके निर्माणों के माध्यम से समकालीन मुद्दों को संबोधित करने और जागरूकता को बढ़ावा देने में कलाकारों की भूमिका को हाइलाइट किया।

प्रसिद्ध शिल्पकार रोबिन डेविड ने अपने भाषण में देश की समृद्ध कलात्मक विरासत को बचाने के महत्व को जोरदार रूप से दिया। उन्होंने भारत की युवा को अपनी सांस्कृतिक जड़ों में गर्व करने और पारंपरिक कला प्रवृत्तियों के संरक्षण और प्रोत्साहन में सक्रिय योगदान करने की प्रेरणा दी।











# बोधिवृक्ष: एक अनमोल धारा

Risha Tiwari
(BJMC 2nd Year)




विश्वविद्यालय परिसर में मौजूद कलाकृति और पेड़ पौधे परिसर की शोभा बढ़ाते हैं। इन सभी में एक बोधि वृक्ष भी है जो परिसर का एक बहुमूल्य हिस्सा है।

यह वृक्ष न केवल एक साधारण पेड़ है, बल्कि एक शिक्षा और संजीवनी का प्रतीक है। यहां पर परिसर की ज़मीन के नीचे बसे इस वृक्ष की कहानी है।

बोधि वृक्ष का इतिहास गहरा है। यह वृक्ष सिद्धार्थ गौतम के बोध गया के स्थान के रूप में भी जाना जाता है, जहां उन्होंने अन्तिम दिवसों में अपनी शिक्षा प्राप्त की थी। इसके अलावा, यह वृक्ष ध्यान और समय का प्रतीक है, जो छात्रों को शांति और शिक्षा के प्रति प्रेरित करता है।

परिसर के बोधि वृक्ष के नीचे अनेक छात्र और शिक्षक बैठकर ध्यान और चिंतन का सागर में खो जाते हैं। यहां पर पढ़ने और लेखन की ऊर्जा उत्पन्न होती है, जिससे यहां का वातावरण ध्यान और शिक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बन जाता है।

बोधि वृक्ष उत्साही और प्रेरणादायक रूप में छात्रों को अनेक उपयोगी ज्ञान और विचारों से परिचित कराता है। इसके नीचे बैठकर, छात्र अपने अध्ययन के विषय पर गहरा विचार कर सकते हैं और नई विचारशीलता का अनुभव करते हैं।

बोधि वृक्ष के सान्निध्य में, युवा मनुष्य अपने आत्मा के साथ संवाद करते हैं, और अपने जीवन के महत्वपूर्ण निर्णयों पर विचार करते हैं। इसके रूप में, यह एक ऐसा स्थान है जहां शिक्षा और आत्म-समर्पण के माध्यम से छात्रों का विकास होता है।

सम्पूर्ण रूप से, परिसर में बोधि वृक्ष एक ऐसा स्थान है जहां ज्ञान, शिक्षा,ध्यान का अनुभव होता है, और जहां छात्रों को आत्म-परिचय और संदेश के साथ आगे बढ़ने का आदान-प्रदान होता है। इस प्राचीन वृक्ष की आज के युग में भी महत्वपूर्ण भूमिका है, जो छात्रों को आत्म-समर्पण और ज्ञान के माध्यम से नए ऊंचाइयों तक पहुँचने में सहायक है।

# Self – Exploration

Kanak Rohit
(BJMC 2nd Year)



Imagine sitting on a bench in your patio with a coffee mug in your hands. It's winter and the sun is shining above your head, you see a flock of birds migrating and a low breeze passes by.


While thinking of those moments that passed in the blink of an eye, you meticulously analyze your traits and habits, giving attention to each and every detail; your personal principles of life, the prejudices masked inside you, your presence of mind during a conversation, your judging and perceiving traits and even the way you admire small things in others. This is the starting of a new journey- a journey of self-exploration.
In this journey, what you find is a unique individuality that has been living under a rock all of its life. In this journey, you find YOU.

I think each one of us, once in our life should indulge ourselves in a self-exploration activity. In this materialistic world, somewhere we all have turned a blind eye to the real meaning of life which lies within a philosophical approach to things. Self-exploration is one such self-assessment activity that binds us with the beauty which lies within us. We get to know our worth, our strengths and weaknesses.

It makes a human being a HUMAN BEING, because a person with zero sense of his own self is just a hollow vessel. This cycle of life is not that easy, to be self-aware should be our first priority.Self-awareness and self-confidence too, go hand in hand. A person who knows all of his strengths can always mould them in a wise way and a person aware of his weaknesses can always learn how to be the better version of them. And these things as a whole make a self-confident individual who can conquer- if not the world, at least everything they dream of.

*"Self exploration is like diving deep into the ocean, you never know what gemstone you'll find next"*











# EVENTS@ITMU




School of Management and Commerce, ITM University Gwalior organized an FDP session on "Publishing in International Journals." The globally renowned Professor Justin Paul was the distinguished speaker for this event.



Empowering Women's Health: Seminar on Gynecological Care at ITM University's School of Pharmacy.



The thrilling DJ Night stole the spotlight, leaving everyone buzzing with excitement.



Exploring the World of Biotechnology: ITM University Gwalior students engage in hands-on training at CAFRI-ICAR, Jhansi, on 'Basic Plant Biotechnology and Biochemistry Techniques'.



Bringing Justice Closer to Communities: ITM University's School of Law, in collaboration with Zenith, hosts a one-day Legal Aid Camp at Raura village, Gwalior district.



Exploring the enduring relevance of radio: Smt. Tulika Sharma, presenter from All India Radio Gwalior,organised by DJMC




Words that ignite minds, hearts, and spirits – captured in the fervor of a speech competition



The School of Law inspires students with the 'What's Your Story?' Poster Competition, promoting imaginative thinking and storytelling through art.



Unifest 2023-24 brings together a vibrant mix of fashion, dance, and sports competitions, showcasing the dynamic spirit of the students.



Students of department of Journalism and Mass Communication went on field trip to Itarsi for a conference with Vikas Samvad from 26-30 January 2024. The conference had insightful discussions over the topic 'Constitution and Us'. The program was organised by Vikas Samvad, a Non-governmental organisation who works at the ground level on social issues. The program held discussions and speeches about the current state of media, AI and the future of Journalism and journalistic ethics. HOD SOJMC, Dr. Manish Jaisal were accompanied by students from Masters; Aman Chaprod and Bachelors; Tanishka Shrivastava, Mohini Sengar, Richa Rajawat, Chirag Jain and Kanak.




# ACHIEVEMENTS



























ITM

UNIVERSITY

GWALIOR • MP • INDIA